**CLASS - VII**
**MID TERM EXAMINATION 2025-2026**
**SUBJECT-HINDI**
**SET-B1**

**समय – 2.5 घंटे** **अंक – 60**

निर्देश- 1. प्रश्न पत्र में कुल 11 प्रश्न हैं, 06 पृष्ठ हैं।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। विकल्प चुनें।
3. सेट नंबर अवश्य लिखें।

प्रश्न1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x1=4)

छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर बसन।
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर,
भौंर का है बेध देता श्याम तन।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला ।
निज सुगंधों औ निराले रंग से,
है सदा देता कली जी की खिला।

i. उपर्युक्त लिखित कविता के कवि का नाम है :-
(क) बालकृष्ण शर्मा (ख) मीराबाई
(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (घ) भवानी प्रसाद मिश्र

ii. काँटा तितलियों के साथ कैसा व्यवहार करता है?-
(क) उन्हें प्रेमपूर्वक अपने पास आने देता है।
(ख) उनके पंखों को कतरकर छिन्न-भिन्न कर देता है।
(ग) उन्हें फूलों के पास जाने से मना करता है।
(घ) उनके श्याम वर्णी शरीर को बेध देता है।

iii. 'भौंर को अपना अनूठा रस पिला' पंक्ति का अर्थ है-

(क) फूल भँवरों को अपनी गोद में बिठाते हैं।

(ख) भँवरे फूलों की सुगंध सभी ओर बिखेरते हैं।

(ग) फूल भँवरों को अपना मीठा रस पीने देता है।

(घ) भँवरे फूलों को रस लाकर देते हैं।

iv. हमारे मन को किस बात से प्रसन्नता का आभास होता है?

(क) फूलों द्वारा तितलियों को अपनी गोद में लेने से।

(ख) काँटे द्वारा तितलियों के पंख कतरने से।

(ग) फूलों की सुगंध और उनके निराले रंगों से।

(घ) इनमें सभी।

प्रश्न2. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (3x3=09)

i. ऊँट के स्वामी ने भाइयों पर तुरंत संदेह क्यों किया? आपके विचार से उसे क्या करना चाहिए था जिससे उसे अपना ऊँट मिल जाता?

ii. यदि सारी नदियाँ, झीलें और तालाब सूख जाएँ तो क्या होगा?

iii. राजा ने भाइयों की परीक्षा लेने के लिए पेटी का उपयोग किया। इस परीक्षा से राजा के व्यक्तित्व और निर्णय शैली के बारे में क्या-क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

iv. जल-चक्र की प्रक्रिया कैसे पूरी होती है? विस्तार में बताए।

प्रश्न3. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x2=04)

i. आखेटक और बच्चे के पिता के बीच तर्क-वितर्क क्यों हुआ था? माँ, कह एक कहानी के अनुसार उत्तर दें।

ii. कविता 'फूल और काँटा' में ऐसी कौन-कौन सी समानताओं का उल्लेख किया गया है जो सभी पौधों पर समान रूप से लागू होती हैं?

iii. कविता में माँ और बेटे के बीच बातचीत से उनके बारे में क्या-क्या पता चलता है? माँ, कह एक कहानी के अनुसार उत्तर दें।

प्रश्न4. पदभेदानुसार कीजिए **(कोई तीन)**- (3)

i. **<u>प्रेमचंद</u>** एक उपन्यासकार हैं।

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा

(ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) इनमें से कोई नहीं

ii. लड़के क्रिकेट **<u>खेलते हैं</u>**।

(क) अकर्मक क्रिया (ख) कालवाचक क्रियाविशेषण

(ग) सकर्मक क्रिया (घ) भाववाचक संज्ञा

iii. तुम चाहों तो **<u>खुद</u>** खाना बना सकते हो।

(क) प्रश्नवाचक सर्वनाम (ख) संबंधवाचक सर्वनाम

(ग) निजवाचक सर्वनाम (घ) पुरुषवाचक सर्वनाम

iv. मैं **<u>कई साल</u>** पहले यहाँ रहता था।

(क) गुणवाचक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण (घ) सार्वनामिक विशेषण

प्रश्न5. निर्देशानुसार सही विकल्प चुनिए- (10)

i. निम्नलिखित में से कौन-सा 'योजक चिन्ह' है? 1

(क) **( )** (ख) **!**

(ग) **,** (घ) **-**

ii. 'मथ' शब्द का स्त्रीलिंग है- 1

(क) मालिन (ख) मथानी

(ग) मेहतरानी (घ) माथा

iii. 'कलम' शब्द का बहुवचन है- 1

(क) कलमें (ख) किताबें

(ग) कलमा (घ) कलमएँ

iv. 'उदार' शब्द का विलोम है- 1

(क) अनुदार (ख) उदय

(ग) अस्त (घ) अनादर

v. 'जिसे जीतना संभव न हो' कथन के लिए एक शब्द है- 1

(क) अजर (ख) अजेय

(ग) अग्रणी (घ) अग्रज

vi. ‘अक्षर’ शब्द का अनेकार्थी शब्द **नहीं** है- 1

(क) ब्रह्मा (ख) धतूरा

(ग) आत्मा (घ) वर्ण

vii. ‘निज’ का भाववाचक संज्ञा है- 1

(क) निजवा (ख) नियति

(ग) निजस (घ) निजत्व

viii. ‘तिरेसठ’ शब्द का सही अंक है- 1

(क) 67 (ख) 59

(ग) 63 (घ) 70

ix. ‘<u>विद्या</u>’ शब्द किस प्रकार का शब्द है- 1

(क) तत्सम (ख) तद्भव

(ग) विदेशी (घ) देशज

x. ‘आँख का अंधा नाम नैनसुख’ लोकोक्ति का अर्थ है- 1

(क) नाम अधिक, गुण कम (ख) गुण के विरुद्ध नाम होना

(ग) एक ही प्रवृत्ति के लोग (घ) दोषी स्वयं डरता है

प्रश्न6. निर्देशानुसार कीजिए- (7)

i. दो-दो पर्यायवाची-शब्द लिखिए **(कोई एक)** 2

किरण **अथवा** गणेश

ii. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए **(कोई एक)** 2

आरति, आरती **अथवा** अनु, अणु

iii. मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग करें **(कोई एक)** 2

आप से बाहर होना **अथवा** गागर में सागर भरना

iv. अशुद्ध वाक्य को शुद्ध रूप से लिखिए।**(कोई एक)** 1

गंगा का पानी पवित्र है। **अथवा** उसने पापा को पत्र लिखी।

प्रश्न7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

द्रोपदी की इच्छा पूरी करने के लिए भीमसेन उस फूल की तलाश में निकल पड़ा। चलते-चलते वह पहाड़ की घाटी में जा पहुँचा, जहाँ केले के पेड़ों का एक विशाल बगीचा लगा हुआ था। बगीचे के बीच एक बड़ा भारी बंदर रास्ता रोके लेटा हुआ था। बंदर ने भीम की तरफ देखकर कहा- "मैं कुछ अस्वस्थ हूँ। इसलिए लेटा हुआ हूँ।

जरा आँख लगी थी, तो तुमने आकर नींद खराब कर दी। मुझे क्यों जगाया तुमने?" एक बंदर के इस प्रकार मनुष्य जैसा उपदेश देने पर भीमसेन को बड़ा क्रोध आया और बोला- "जानते हो, मैं कौन हूँ? मैं कुरुवंश का वीर, कुंती का बेटा हूँ। मुझे रोको मत! मेरे रस्ते से हट जाओ और मुझे आगे जाने दो।"

i. द्रोपदी की इच्छा पूरी करने के लिए भीमसेन कहाँ पहुँच गया? 1

ii. बड़े भारी बंदर ने भीमसेन से क्या कहा? 2

iii. भीमसेन ने क्रोध में बंदर से क्या कहा? 2

प्रश्न8. दिए गए चित्र का वर्णन 35 से 40 शब्दों में कीजिए। (3)



प्रश्न9. आपका मित्र रोहन बीमारी के कारण परीक्षा नहीं दे पाया, इससे वह निराश है। उसका हौसला बढ़ाते हुए सहानुभूति पत्र। (5)

**अथवा**

आपके मोहल्ले की नालियों की ठीक से सफ़ाई नहीं हो रही। इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र।

प्रश्न10. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

i. पुस्तकों से दोस्ती    ii. जनसंख्या वृद्धि: विकट समस्या

iii. लड़का-लड़की एक समान    iv. अनुशासन

प्रश्न11. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

आज के युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को अत्यधिक सुविधाजनक बना दिया है। इंटरनेट, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर आदि ने जहाँ एक ओर संचार के साधनों में क्रांति ला दी है, वहीं दूसरी ओर यह भी देखा गया है कि लोग इन उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं। पहले लोग पत्र लिखकर संवाद करते थे, जिससे भावनाओं की अभिव्यक्ति अधिक गहराई से होती थी। आजकल संदेश कुछ शब्दों में सीमित होकर रह गए हैं।

इसके अतिरिक्त, बच्चों में खेलने-कूदने की प्रवृत्ति भी कम होती जा रही है क्योंकि वे अधिकतर समय मोबाइल या वीडियो गेम में व्यस्त रहते हैं। यह न केवल उनकी शारीरिक सक्रियता को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि हम तकनीक का उपयोग संतुलित रूप से करें और समय-समय पर अपने पारंपरिक जीवन मूल्यों की ओर भी लौटें।

i. आज के युग में किसने जीवन को सुविधाजनक बनाया है? 1

ii. लोग किस चीज़ पर अधिक निर्भर हो गए हैं? 1

iii. पहले लोग किस माध्यम से संवाद करते थे? 1

iv. बच्चों पर तकनीक का क्या प्रभाव पड़ रहा है? 1

v. हमें तकनीक के उपयोग में क्या अपनाना चाहिए? 1